हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

# BA LLB
# BBA LLB
# LLB
# LLM

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**
- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
(Includes GST & Taxation)
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

RESEARCH
**Ph.D.**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

ENGINEERING
**Diploma | B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

- BBA (With **FINTECH** as a specialisation)
- BCA in **AI & ML**
- B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
- BBA in **Film Making** In collaboration with Mira Education
- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education
- Master of **Data Science**
- BCA Specialisation in **Game Development with AI**
- Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

**खबर संक्षेप**

## राजू जिला कांग्रेस महामंत्री नियुक्त

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पश्चात जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के पूर्व अध्यक्ष राजू साहू को जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक ओंकार साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर भरत नहर, होमेंद्र साहू, गोविंद साहू, शारदा साहू, विनोद साहू, गैंदलाल साहू, रामचंद्र साहू, चमन साहू, संतोषी निषाद, राजा बंजारे, वीरेंद्र साहू सहित अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।



### संगठन को मजबूत बनाने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

# 742 कार्यकर्ताओं ने लिया 'राष्ट्र प्रथम' का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन कुरूद में किया गया। 22 से 26 मार्च तक स्वामी विवेकानंद मंगल भवन में आयोजित इस पांच दिवसीय शिविर में कुरूद, मेघा, भखारा और सिर्री मंडल के 742 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के ध्वज आरोहण के साथ हुई। पांच दिनों तक चले प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठनात्मक कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। कुल 32 सत्रों में बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क और संगठन विस्तार की रणनीतियों पर विशेष जोर दिया गया। डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया, आईटी सेल और संचार माध्यमों के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया गया, ताकि कार्यकर्ता आधुनिक तकनीकों के साथ कदम मिला सकें। शिविर के अंत में ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

शिविर में ज्योति चंद्राकर, रंजना साहू, पिंकी ध्रुव, प्रकाश बैस, विकल गुप्ता और सुरेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इस आयोजन में तिलोकचंद जैन, भानु चंद्राकर और गौकरण साहू सहित टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





**अंत्योदय ही अंतिम लक्ष्य**

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अंत्योदय सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही संगठन का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# भाजपा किसान मोर्चा मंडल पुरूर की कार्यकारिणी घोषित



■ चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, चार मंत्री, एक कोषाध्यक्ष सहित 16 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी ने मंडल पुरूर की कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री एवं चार मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सहकोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया, सह सोशल मीडिया, कार्यालय मंत्री एवं सहकार्यालय मंत्री मन की बात प्रभारी सहित 16 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये हैं।

किसाना मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के दिशा निर्देश एवं मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय की अनुशंसा पर किसान मोर्चा भाजपा मंडल पुरूर की कार्यकारणी की घोषणा की गई है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आज मशाल रैली

■ सरकार के फैसले से प्रदेश के हजारों शिक्षकों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के फैसले के विरोध में सर्वशैक्षिक संगठन कुरूद ने 30 मार्च को ब्लॉक मुख्यालय में विशाल मशाल रैली आयोजित करने की घोषणा की है। संगठन ने सभी शिक्षकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

संगठन ने कहा कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में 15-20 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के अनुभव को नजर अंदाज करते हुए टीईटी अनिवार्य करना दुर्भाग्यपूर्ण है। वर्तमान में कार्यरत सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं प्रधानपाठक अपनी नियुक्ति के समय सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अर्हताएं पूरी कर चुके हैं, इसके बावजूद सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए टीईटी लागू करना अन्यायपूर्ण है। संगठन ने आरोप लगाया कि सरकार इस निर्णय को आदेश का हवाला देकर लागू कर रही है, जबकि इस पर पुनर्विचार याचिका दायर की जा सकती है। साथ ही शिक्षकों के हित में आने वाले आदेशों के क्रियान्वयन में देरी और प्रतिकूल निर्णयों को शीघ्र लागू करने की प्रवृत्ति पर भी सवाल उठाए गए हैं। संगठन के अनुसार इस फैसले से प्रदेश के हजारों शिक्षकों में असंतोष है और उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। इसी के विरोध में 30 मार्च को दोपहर 3 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद के समक्ष शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल चर्चा करेगा। इसके बाद शाम 4 बजे तहसील कार्यालय से कारगिल चौक तक मशाल रैली निकाली जाएगी।



## केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाकर जनता को दी बड़ी राहत : हुमीत

**नगरी।** भाजपा मंडल बेलरगांव के अध्यक्ष हुमीत कुमार लिमजा ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इस जनहितैषी कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है। श्री लिमजा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में एक्साइज ड्यूटी कम कर आम जनता को महंगाई से बड़ी राहत प्रदान की है। ईंधन की कीमत में इस कटौती से न केवल आम आदमी की जेब पर बोझ कम होगा, बल्कि माल ढुलाई सस्ती होने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी कमी आएगी। उन्होंने इसे अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध करने वाला कदम बताया।



# छग वन कर्मचारी संघ के नवीन प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के नवीन प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन व्ही. श्रीनिवास राव प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की एकजुटता एवं कर्मचारियों के हितों के प्रति समर्पण की सराहना की।

इस अवसर पर शालिनी रैना (अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक), एस. मणिवासगन (मुख्य वन संरक्षक रायपुर), सलमा फारूकी (वन संरक्षक) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

संघ के प्रांत अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि नवीन प्रदेश कार्यालय संगठन को नई दिशा एवं मजबूती प्रदान करेगा। यह कार्यालय न केवल संघ की सुदृढ़ता का प्रतीक है, बल्कि वन कर्मचारियों की एकता, समर्पण एवं निरंतर संघर्ष का परिणाम भी है।

## नंदनी का भक्ति गीत 'बिलाई माई' हुआ लोकप्रिय



**धमतरी।** शहर की उभरती युवा गायिका नंदनी सेन इन दिनों अपने भक्ति गीत "मोर धरम के नगरी में बिराजे बिलाई माई..." से चर्चा में हैं। वह लालबगीचा वार्ड निवासी नंदनी, अनिल सेन की पुत्री हैं और वर्तमान में खैरागढ़ स्थित संगीत विश्वविद्यालय में संगीतकला की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। बचपन से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि रखने वाली नंदनी ने माता सेवा मंडली में सेवागीत गाकर अपनी पहचान बनाई। नवरात्रि से पहले रिलीज हुआ यह गीत बिलाई माता मंदिर में रिकॉर्ड किया गया है, जिसमें माता की महिमा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है। श्रोताओं द्वारा इसे खूब सराहा जा रहा है।

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ में नगरी के तीन अधिवक्ता शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विधि प्रकोष्ठ में नगरी क्षेत्र के सक्रिय एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर खुशी की लहर है। पार्टी ने अधिवक्ता अभिषेक जैन एवं अधिवक्ता आरपी साहू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा अधिवक्ता तुलसीराम साहू को जिला सह संयोजक का दायित्व प्रदान किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, रविशंकर दुबे, नागेंद्र शुक्ला, विकल गुप्ता, मोहन नाहटा, कमल डागा, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, अजय ध्रुव, गरिमा नेताम, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, शशि ध्रुव ने हर्ष व्यक्त किया है।



# अष्टमी पर हवन पूजन व नौकन्या भोज





हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर ग्राम अमलीडीह में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई। गुरुवार को अष्टमी पर हवन पूजन, नौकन्या भोज एवं प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम रखा गया था। मौके पर समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, कोषाध्यक्ष देवनाथ साहू, सचिव अंजू साहू, सहसचिव दिनेश कुमार साहू, संजय कुमार साहू, सागर साहू, रामेश्वर साहू, सोमप्रकाश यादव, रोमसिंह, कीर्तन साहू, डोमार साहू, खुलेश्वर साहू, संतोष निर्मलकर, रूपराम निर्मलकर, अरुण कुमार निर्मलकर, डागेश्वर यादव, नेमिन माधव सरपंच, जगदीश साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मौजूद थे।

### ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की खुली राह

# सांकरा बांध में 'सफेद सोना' की खेती शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा आज एक नई पहचान की ओर बढ़ चला है। यहां के बांध में पारंपरिक खेती से हटकर सफेद सोना कहे जाने वाले मखाना की खेती की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अभिनव पहल ने न सिर्फ कृषि के क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता की मजबूत राह भी खोल दी है। स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपने हाथों से मखाना के बीज बांध में डाले।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि सांकरा में शुरू हुई यह पहल क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस परियोजना से 17 स्वसहायता समूहों की लगभग 200 महिलाएं सीधे जुड़ी हैं, जिन्हें स्थायी रोजगार मिलने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। यह केवल खेती नहीं, बल्कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का अभियान है। उन्होंने बताया कि मखाना खेती को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा स्वयं के व्यय से तालाब का निर्माण कराया गया। साथ ही इस विषय को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए शिवराजसिंह चौहान को भी प्रस्ताव भेजा गया था। उनके धमतरी दौरे के दौरान मखाना से बनी पुष्पमाला पहनाकर इस योजना की विशेष जानकारी दी गई थी।

योजना के तहत सांकरा बांध के लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में मखाना की खेती की परिकल्पना की गई है। फिलहाल 25 से 30 एकड़ में इसकी शुरुआत की गई है। क्षेत्र में पहली बार हो रही इस खेती को लेकर ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य राजेशनाथ गोसाई, प्रेमलता नागवंशी, सरपंच नागेंद्र बोरझा, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी जन्मेजय साहू, बृजभूषण साहू, जनकराम साहू, स्व सहायता समूह की महिलाओं सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

आंसुओं का सैलाब हर सीमा कर लेता है पार। जब चल पड़ती है स्मृतियों की भीगी भीगी बयार।।
आपके स्नेह के क्षण याद आएंगे बार बार। आपको हो हमारी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि स्वीकार।।

श्रद्धा सुमन...



जन्मतिथि 30-08-1959
स्वर्गवास 24-03-2026

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताश्री
स्व. डॉ. भरतलाल सोनी जी
(रिटायर्ड सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी)
का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 24 मार्च 2026 दिन मंगलवार को हो गया है।
अतः इस कार्यक्रम में पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें

कार्यक्रम दशगात्र : 2 अप्रैल 2026, गुरूवार
तेरहवीं एवं शांतिभोज : 5 अप्रैल 2026, रविवार
कार्यक्रम स्थल : निज निवास ग्राम-सिहाद (भखारा) जिला-धमतरी (छ.ग.)

शोकाकुल परिवार :
जीवराखन, पूरन, लखन, शत्रुहन, संजय, कन्हैया, चन्द्रशेखर, संदीप, दीपक, समीर, दीपेश, शशांक, सन्नी, सोनल, खुशी, पीहू एवं समस्त सोनी परिवार

विनीत :
डॉ. जीतेश कुमार सोनी (पुत्र)
वर्षा-संजय सोनी (पुत्री-दामाद)
श्रीमती विद्या सोनी, कु.प्रीति सोनी (पुत्री)

नोट : जिस किसी स्नेहीजन को आमंत्रण न मिला हो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

10 742 कार्यकर्ताओं ने लिया 'राष्ट्र प्रथम' का संकल्प



10 समाज को संगठित कर भारत को पुनः विश्व गुरू ...



## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण कार्यशाला महाअभियान आज से

**पुरूर(धमतरी)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पुरूर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला महाअभियान का आयोजन 30 एवं 31 मार्च को शिशु मंदिर प्रांगण पुरूर में किया गया है। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, महामंत्री राकेश सिन्हा ने दी।

### पहंदा में जातरा मेला 1 से

**मगरलोड।** ग्राम पहंदा में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा राजा बाबा का जातरा मेला 1 अप्रैल बुधवार को रखा गया है। 2 अप्रैल गुरुवार को पवई रानी, 3 अप्रैल शुक्रवार को पहरिया बाबू तथा 4 अप्रैल शनिवार को रमई माता का जातरा होगा। 1 अप्रैल को रात्रि में मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी भाटागांव (सिकोसा) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी पूर्व सरपंच लोमश सिन्हा, शिवा सेन ने दी है।

### नवागांव में मंगल भजन एवं संत समागम समारोह 3 से

**पुरी।** ग्राम नवागांव (कंडेल) में संगीतमय मंगल भजन एवं संत समागम समारोह 3 से 5 अप्रैल तक रखा गया है। दीप प्रज्ज्वलन के मुख्य अतिथि राज महंत, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा होंगे। अध्यक्षता इंदर चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब मंत्री कौशल विकास तकनीकी शिक्षा होंगे। अध्यक्षता सनम जांगड़े पूर्व विधायक पामगढ़ होंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। 5 अप्रैल को रात्रि में प्रतिमा बारले का रंगरंजन सांस्कृतिक लोककला मंच का कार्यक्रम होगा। तैयारी में समिति के अध्यक्ष देवनारायण टोण्डे, उपाध्यक्ष लीलाराम कुर्रे, सचिव तुकुराम गिलहरे, सहसचिव मायाराम कुर्रे, कोषाध्यक्ष पुरानिक टोण्डे, सलाहकार डीपी जोशी, विष्णु टोण्डे जुटे हैं।

### सिटी पार्क से बिलाईमाता मार्ग का होगा चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण

- शासन से 8 .35 करोड़ की मिली सौगात

**धमतरी।** शहर के सिटी पार्क से बिलाईमाता मंदिर मार्ग तक चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 8 करोड़ 35 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। योजना के तहत करीब 2 किलोमीटर बीटी सड़क का निर्माण, बीच में डिवाइडर और 210 ट्यूबलर पोल लगाए जाएंगे, जिससे मार्ग पूरी तरह रोशन रहेगा। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि यह क्षेत्र धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और यहां रोज बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है, जिससे इस विकास कार्य की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। दानीटोला से सोरिद मार्ग तक सड़क और रिटेनिंग वॉल के लिए 3.44 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। रमसगरी गार्डन के विकास का प्रोजेक्ट भी तैयार किया गया है।

# ठेमली आईलैंड आने-जाने के लिए गंगरेल बांध पहुंची मोटर बोट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

## वन प्रबंधन समिति गंगरेल के सदस्यों में उत्साह, रोजगार मिलने से बढ़ेगी आय

गंगरेल पर्यटन के विकास में मील का पत्थर माने जाने वाले ठेमली आईलैंड आने-जाने के लिए वन प्रबंधन समिति ने मोटर बोट की खरीदी की है। कलकत्ता से लाई गई 5 लाख रुपए की मोटरबोट तथा आईलैंड में पर्यटकों को सैर कराने की जिम्मेदारी से समिति में उत्साह है। वन प्रबंधन समिति गंगरेल के अध्यक्ष कोमलसिंह साहू ने बताया कि ठेमली आईलैंड में पॉथवे का निर्माण कार्य जारी है। वॉच टावर और होम स्टे के लिए कॉटेज बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मचानहट से बोट का संचालन होगा। इससे मचानहट की उपयोगिता बढ़ेगी। समिति की आय और रोजगार में वृद्धि होगी। आगामी पर्यटन सीजन में ठेमली आईलैंड पर्यटकों के लिए खुल जाएगा। इसके लिए समिति पैकेज राशि और सुविधाओं का निर्धारण करेगी।



### बोट के माध्यम से सामग्री की सप्लाई

वन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि फूटहामुड़ा से रेत, सीमेंट, छड़ आदि सामग्री बोट के माध्यम से आईलैंड ले जाया जाता हैं। मजदूर भी बोट से आना-जाना करते हैं, जिससे काम की गति थोड़ी धीमी हो जाती है।



### औषधि गार्डन में पॉथवे निर्माण

हर्बल मानव वन से लगी नर्सरी में औषधि गार्डन आकार ले रहा है। 1085 वर्गमीटर यानी करीब 12 हजार वर्गफीट में बनाये जा रहे गार्डन का तार घेरा पूरा कर लिया गया है। पत्थर से पॉथवे निर्माण कार्य जारी है। उल्लेखनीय है कि 25 लाख रूपए की लागत से वन विभाग औषधि गार्डन का निर्माण कर रहा है। यहां औषधीय पौधों का संरक्षण होगा। दुर्लभ प्रजाति के औषधीय पौधों का विक्रय भी किया जाएगा।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुविधा के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की पहल

# तीन साल से श्रमदान, जंगल में खोद डाले 15 सौ झरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए श्रमदान से फारेस्ट के कर्मचारियों व अधिकारियों ने करीब डेढ़ हजार झरिया खोद डाले हैं। इन झरिया में पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। एनजीओ के माध्यम से 21 तालाबों में सोलरपंप लगाए गए हैं, जिससे गर्मी में भी जंगल के भीतर पानी उपलब्ध रहेगा।

वन विभाग के अधिकारियों के संकल्प ने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की सूरत ही बदल दी है। यहां गर्मी में पानी के लिए वन्यजीवों को भटकना पड़ता था। पानी के लिए वे रिहायशी क्षेत्र में घुस आते थे, जिससे मानव और वन्यजीव के बीच मुठभेड़ की घटनाएं होती थीं। शिकार के मामले बढ़े हुए थे। स्थिति परिस्थिति को देखते हुए टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने जंगल में पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने का संकल्प लिया और श्रमदान से झरिया खोदना शुरू किया। डीएफओ, एसडीओ, रेंजर, डिप्टी रेजर, फारेस्ट गार्ड, पेट्रोलिंग श्रमिक, फायर वाचर सहित टाइगर रिजर्व के सभी अधिकारी-कर्मचारी इसमें योगदान दे रहे हैं। पिछले तीन साल चल रहे इस अभियान में टाइगर रिजर्व क्षेत्र में करीब 1500 झरिया खोद डाले हैं। यही नहीं जंगल में सालभर पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से एनजीओ के माध्यम से तालाबों में सोलर पंप भी लगाए जा रहे हैं। अब तक 21 तालाबों में सोलर पंप से पानी की व्यवस्था की जा चुकी है।




### हर बीट में 10-10 झरिया का लक्ष्य


उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व 143 बीट में बंट हुआ है। अधिकारी, कर्मचारियों ने हर बीट में कम से कम 10 झरिया खोदने का लक्ष्य रखा है। इसमें डीएफओ से लेकर फायर वाचर तक सभी योगदान दे रहे हैं। कुछ जागरूक ग्रामीण भी वन विभाग के इस पुनीत कार्य में भागीदारी कर रहे हैं।


### कम हुआ मानव वन्यजीव द्वंद्व

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व 1850 वर्ग किमी में फैला हुआ है, जहां पर 110 गांव हैं। इसमें से 51 गांव कोर जोन और 59 बफर जोन में हैं। इन गांवों से लगातार वन्यजीव और मानव के बीच मुठभेड़ के मामले सामने आते रहते हैं। पहले ये मामले काफी अधिक थे। पहले मुठभेड़ के मामले काफी अधिक थे, लेकिन जंगल में पानी की व्यवस्था होने से अब इन मामलों में कमी आने लगी है।

# छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री पर ब्रेक

## छह करोड़ का राजस्व घाटा





- गत साल की तुलना में एक हजार दस्तावेजों की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रियल एस्टेट के कारोबार में भारी कमी आई है। इस साल उपपंजीयक कार्यालय में करोड़ रूपये के राजस्व में कमी आने का अनुमान है। शनिवार अवकाश के दिन भी पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री का कार्य जारी रहा जहां जमीन खरीदने तथा बेचने वालों की कतारें लगी रहीं।

प्रदेश में छोटे भूखंडों की बिक्री और रजिस्ट्री को लेकर समय-समय पर नियम बदलते रहे हैं। छग सरकार ने भू-राजस्व संहिता/संशोधन अधिनियम 2025 के तहत सख्त नियम लागू किए हैं जिसके अंतर्गत जुलाई 2025 में विधानसभा में पारित होने के बाद 2200 वर्गफीट/5 डिसमिल से कम की कृषि भूमि की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई है। इसका उद्देश्य अवैध प्लाटिंग और कॉलोनियों के विकास पर लगाम लगानी है। ज्ञात हो कि पूर्व में 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक को 2018 में हटा दिया गया था, लेकिन अवैध प्लाटों के बढ़ते मामलों के कारण 2025 में इसे फिर से लागू कर दिया गया है।

### रजिस्ट्री में आई कमी

जमीन कारोबार से जुड़े राजा सेन, अशोक पटेल, जसवंत पटेल बताते हैं कि बढ़ती आबादी और गांव से शहरों की ओर रूख करने वाले लोग अपने निवास के लिए छोटी जमीन खरीदना चाहते हैं। ऐसे लोगों का बजट लगभग एक हजार फीट जमीन खरीदने का होता है। इस कारण रजिस्ट्री में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। इसके अलावा जमीन दर की गाइडलाइन में अत्याधिक बढ़ोतरी भी जमीन के कारोबार में कमी का कारण है।

### करोड़ों की राजस्व हानि


उपपंजीयक कार्यालय धमतरी से मिली जानकारी के अनुसार सन 2024-25 में अप्रैल से मार्च माह तक कुल 6008 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई, जिसमें विभाग को 30 करोड़ 24 लाख 90 हजार 546 रुपये का इनकम हुआ था। वहीं सन 2025-26 में अप्रैल से लेकर मार्च तक 4968 दस्तावेजों की रजिस्ट्री से 24 करोड़ 84 लाख 16 हजार 469 रुपये का इनकम हुआ है।

# बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिलासपुर के कोनी में बर्डफ्लू की पुष्टि होने के बाद पूरे प्रदेश में इस संक्रमण को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। धमतरी में पशुधन विकास विभाग सतर्क हो गया है। सभी कर्मचारियों को बर्ड फ्लू से संबंधित लक्षणों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में 5 हजार मुर्गे व मुर्गियों की मौत हो गई थी। जांच के लिए सेंपल भोपाल भेजे गए थे। रिपोर्ट में इन मुर्गे, मुर्गियों की मौत बर्ड फ्लू संक्रमण से होने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट आने के बाद पूरे प्रदेश में बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बर्ड फ्लू अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मुख्य रूप से जंगली और पालतू पक्षियों को प्रभावित करती है।



पक्षियों से मानव में भी इसके फैलने का खतरा रहता है, जिसके चलते इसके संक्रमण को लेकर धमतरी भी सावधानी बरती जा रही है। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक अवधेश मरकाम ने बताया कि इस संक्रमण को लेकर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का अमला अलर्ट हो गया है। कहीं भी इस संक्रमण के लक्षण मिलने पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा।

### पक्षियों पर संकट

बर्ड फ्लू संक्रमण का कारण वायरस है, जो पक्षियों की श्वसन प्रणाली और आंतों को संक्रमित करता है। यह पालतू और जंगली सहित सभी प्रकार के पक्षियों को प्रभावित करता है। मानव में इसके संक्रमण के लक्षण बुखार, खांसी, गले में, मांसपेशियों में दर्द और गंभीर मामलों में निमोनिया हो सकता है।

# दो कबाड़ी से 45 हजार का बेनामी लोहा-टिन जब्त

- दुकानदार कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो कबाड़ी दुकान से 1430 किलोग्राम संदिग्ध लोहा-टिन सामग्री जब्त की है। कबाड़ियों के पास इन सामग्रियों को लेकर कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। पुलिस इन सामग्रियों के मालिक की खोजबीन कर रही है।

थाना सिटी कोतवाली एवं थाना अर्जुनी पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कबाड़ी दुकानों में दबिश दी गई। दोनों मामलों में पुलिस को करीब 45000 रुपए का बेनामी लोहा, टिन की सामग्री मिली। दुकान में इस लोहा टिन को लेकर कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। पहला मामला थाना सिटी कोतवाली का है। पुलिस ने रतन कॉलोनी, दानीटोला स्थित कबाड़ी दुकान में तलाशी ली। इस दौरान लोहे का एंगल, पाइप, जाली एवं राइस मिल का लोहा कुल 620 किलोग्राम (कीमत लगभग 21,000 रूपये) बरामद हुआ। दुकान संचालक नविद परवेज से वैध दस्तावेज की मांग करने पर वह प्रस्तुत नहीं कर सका।

दूसरा मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है। ग्राम कोलियारी के बाजार चौक के पास पुलिस टीम ने कबाड़ी दुकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान लोहे एवं टिन के छड़, राड़, एंगल एवं पाइप भारी मात्रा में पाए गए। दुकान में उपस्थित दर्शन सिंह ध्रुव से वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया, किंतु वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बरामद सामग्री को धर्मकांटा में तौल कराने पर कुल 810 किलोग्राम कीमत लगभग 24,300 रूपये पाया गया। दोनों ही मामलों में संदेह के आधार पर सामग्री को गवाहों के समक्ष जब्त कर धारा 106 बीएनएसएस एवं प्रतिबंधक धारा 170,126, 135(3) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया।









ग्राहकों के चेहरे खिले, किसानों की बढ़ी चिंता

# सस्ती सब्जियों से सजा शहर का बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मार्च माह में सब्जियों के दाम में आई गिरावट ने शहर के बाजारों में रौनक बढ़ा दी है। सस्ती सब्जियां मिलने से जहां ग्राहकों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं सब्जी उत्पादक किसान लागत मूल्य तक नहीं निकल पाने से मायूस नजर आ रहे हैं। इतवारी बाजार सहित शहर के प्रमुख सब्जी बाजारों में इन दिनों खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

बाजार में हरी एवं मौसमी सब्जियों की भरमार है। लोग थैला भर-भरकर सब्जियां खरीदते दिख रहे हैं। गृहिणियों का कहना है कि पिछले दो महीने से सब्जियों के दाम कम होने से रसोई का बजट संतुलित हो गया है और अब घर में नियमित रूप से हरी सब्जियां बन रही हैं। सुलोचना बाई और यामिनी बाई साहू ने बताया कि सस्ती सब्जियों के कारण किचन खर्च में काफी राहत मिली है।

दूसरी ओर सब्जी उत्पादक किसान और विक्रेता इस स्थिति से परेशान हैं। सब्जी उत्पादक एवं फुटकर विक्रेता घनश्याम सोनकर ने बताया कि सब्जियों के दाम इतने नीचे आ गए हैं कि लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।



सब्जी विक्रेता घनाराम सोनकर ने बताया कि इस सप्ताह भटा 20 रुपये किलो, गाजर 30 रुपये, कुंदरू, करेला, बरबटी 40 रुपये, भिंडी 30 रुपये, टमाटर मात्र 10 रुपये, लौकी 10 रुपये और पत्तागोभी 20 रुपये किलो के भाव से बिकी। वहीं मुनगा और हरी मिर्च 80 रुपये किलो रही। अन्य सब्जियों में शिमला मिर्च 40, परवल 60, कोचई 60 और हरा धनिया 60 रुपये किलो के आसपास बिके।

किराना वस्तुओं की बात करें तो आलू 15 रुपये, प्याज 25 रुपये, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 55 रुपये, अरहर दाल 120 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये और मसूर दाल 90 रुपये किलो के भाव से बिकी। अंडे का दाम इस सप्ताह 70 रुपये प्रति दर्जन रहा।

# गरज-चमक, तेज हवा के साथ बिजली गिरने की चेतावनी

## सप्ताह भर मौसम के खराब रहने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसानों के लिए फिर चिंताजनक खबर है। आगामी कुछ दिनों के लिए मौसम खराब होने जा रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि सोमवार को प्रदेश के एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों में हल्की वर्षा हो सकती है।

मौसम सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार से झारखंड होते हुए पश्चिम बंगाल के गंगा क्षेत्र तक एक निम्नदाब का क्षेत्र 1.5 किमी ऊपर फैला हुआ है। एक द्रोणिका उत्तरी उड़ीसा के उपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिण छत्तीसगढ़ तेलंगाना, कर्नाटक होकर तमिलनाडु तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर है। दोनों सक्रिय सिनोप्टिक सिस्टम के प्रभाव से मौसम करवट लेगा। कहा जा रहा है कि मौसम सप्ताह भर तक खराब रह सकता है। बताया गया कि अधिकतम तापमान में आगामी तीन दिनों तक विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

# आज पेश होगा निगम का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- विकास बनाम वादों पर होगी सीधी बहस

नगर पालिक निगम धमतरी में महापौर रामू रोहरा सोमवार को अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगे। बजट को लेकर शहर में अपेक्षाएं बढ़ी हुई हैं, जहां एक ओर विकास कार्यों को गति देने की उम्मीद है, वहीं विपक्ष ने पिछले बजट के अधूरे वादों को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

वर्ष 2025-26 के बजट में 52 लाख 30 हजार रुपये का लाभ दर्शाते हुए 563 करोड़ से अधिक की आय-व्यय का प्रावधान रखा गया था। इसमें हाईटेक बस स्टैंड, प्रमुख सड़कों का निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, ट्रांसपोर्ट नगर, पिंक टॉयलेट, गार्डन विकास, ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन सहित कई बड़े प्रोजेक्ट शामिल थे। हालांकि इनमें से अधिकांश योजनाएं अब तक धरातल पर पूरी तरह नहीं उतर सकी हैं।



विपक्ष के नेता दीपक सोनकर और उपनेता विशु देवांगन ने निगम में पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कार्यों में कमीशनखोरी बढ़ी है और कई घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने रोजगार, पट्टा, आवास और टेंडर प्रक्रिया जैसे मुद्दों पर जवाब मांगने की बात कही।

सामान्य सभा में 56 प्रश्न लगाए गए हैं, जिससे बैठक के दौरान तीखी बहस के आसार हैं। महापौर ने कहा कि इस बार का बजट जनहित और मूलभूत सुविधाओं पर केंद्रित होगा तथा किसी प्रकार का अतिरिक्त कर नहीं लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सेलदीप में मानसगान प्रतियोगिता आज से

**कुरूद।** क्षेत्र के ग्राम सेलदीप (सिंगलदीप धाम) में हनुमान जन्मोत्सव पर 30 मार्च से 2 अप्रैल तक संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता सरपंच भारतभूषण साहू करेंगे। कार्यक्रम का समापन 2 अप्रैल को होगा। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर होंगी।

### पूर्व सीएम को साय सरकार पर आरोप लगाने का हक नहीं : चेतन

**धमतरी।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने धमतरी आगमन के दौरान प्रदेश



की विष्णुदेव साय सरकार को अफीमची सरकार कहा। इस पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व सीएम ने अपने पांच साल के कार्यकाल में प्रदेश को नशे की गर्त में डुबो दिया था। उन्होंने शराब को सिर्फ अवैध कमाई का जरिया बना लिया था, तभी तो जांच में शराब घोटाले के आरोप उन पर भी लगे, बल्कि शराब घोटाले में ही उनके पुत्र को जेल भी जाना पड़ा। महादेव सट्टा खिलाने वालों को सरंक्षण देकर प्रदेश के युवाओं को जुए के दलदल में धकेलने का काम भूपेश बघेल ने किया था। अब उन्हें अफीम को लेकर प्रदेश की साय सरकार पर आ रोप लगाने का कोई हक नहीं है।

### संगठन सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार की बनी रणनीति



**दुर्गूकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल की बैठक हुई, जिसमें प्राथमिक लक्ष्य कांग्रेस संगठन को बूथ, सेक्टर, पंचायत और मंडल स्तर पर जमीनी रूप से मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा किया गया। नेताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम ब्लॉक प्रभारी कृष्णा टेकाम, सह प्रभारी राजकुमार ठाकुर, चेतन मरकाम और ब्लॉक अध्यक्ष धनेश नरेटी व अन्य उपस्थित रहें।

### निधन

#### तेमीनबाई साहू

**कुरुद।** ग्राम मोंगरा निवासी श्रीमती तेमीनबाई साहू का




बीते मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे मेवाराम साहू एवं बलराम साहू की माताजी थीं। अंतिम यात्रा में नाते रिश्तेदार एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हुई जनगोष्ठी, संगठन और सेवा का दिया संदेश

# समाज को संगठित कर भारत को पुनः विश्व गुरू बनाना है : टोपलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अमलतासपुरम स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को प्रमुख जनगोष्ठी कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा थे। अध्यक्षता जिला सह संघचालक जितेंद्र यदु ने की।

मुख्य वक्ता प्रांत संघचालक छत्तीसगढ़ टोपलाल वर्मा ने अपने संबोधन में संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उसके मूल उद्देश्य और वर्तमान भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित संघ आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन चुका है, जिसका मूल आधार व्यक्ति निर्माण और समाज संगठन है। उन्होंने कहा कि संघ को समझने के लिए उसके संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और विचारों को जानना आवश्यक है, जिन्होंने राष्ट्र को संगठित करने का सपना देखा था।

आगे कहा कि संघ की शाखा पद्धति के माध्यम से व्यक्ति में अनुशासन, सेवा, राष्ट्रभक्ति और समर्पण जैसे गुणों का विकास किया जाता है। यही कारण है कि संघ के स्वयंसेवक हर परिस्थिति में समाज के लिए तत्पर रहते हैं, चाहे वह आपदा का समय हो या सामाजिक सेवा का कोई कार्य। आगे कहा कि संघ का उद्देश्य समाज को संगठित कर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है, जिसके लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देशभर में हजारों सेवा कार्य संघ के माध्यम से संचालित हो रहे हैं, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन प्रमुख हैं।

उन्होंने शताब्दी वर्ष के अवसर पर निर्धारित पंच परिवर्तन के विषयों का भी उल्लेख किया। इनमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्यबोध शामिल हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि इन पांच विषयों को जीवन में अपनाकर एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भी संघ के कार्यों की सराहना करते हुए इसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। गोष्ठी के दौरान संवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र, नगर सह संघचालक महेश शर्मा, धमतरी खंड संघचालक राधेश्याम साहू, धमतरी खंड सह संघचालक रामजी साहू, विभाग शारीरिक प्रमुख गौतम साहू, प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहनलाल साहू, राजिम विभाग सह कार्यवाह घनश्याम साहू, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, डुगेश साहू जिला सेवा प्रमुख, शशांक कृदत्त जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख, राजकुमार क्षत्रिय जिला संपर्क प्रमुख, सुनील यदु सह जिला कार्यवाह, जिला सह संपर्क प्रमुख दीनबंधु सिन्हा, योगेंद्र साहू जिला व्यवस्था प्रमुख, राकेश जाधव सह जिला व्यवस्था प्रमुख, राधेश्याम साहू, गोकुल देवांगन नगरी, नगर सह कार्यवाह रवि शर्मा, नगर निगम महापौर रामू रोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, जिला गौसेवा आयोग अध्यक्ष हेमराज सोनी, जिला महामंत्री राकेश साहू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा, सिहावा की पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, गीतेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद, ज्योति साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, दीपक पाठक, सियाराम साहू, कृपाशंकर साहू, वेदप्रकाश भेसले, शिरोमणिराव घोरपड़े, विनोदराव रणसिंह, कैलाश राव भोसले, हीरा वैष्णव, कुकू कोटवानी, मनहरणलाल साहू, चंद्रशेखर चौबे, सनत शर्मा, तिहारु सिन्हा, तरुण भांडे, बसंत गजेंद्र, विनोद पांडे, विजय ठाकुर, रोहिताश मिश्रा, शैलेश चंद्राकर, विजय नामदेव, योगेश साहू, राजू सोनकर, प्रतिमा देवांगन, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, मोतीलाल दिवाकर, डॉ. अजय साहू उपस्थित थे।

## मकेश्वर वार्ड में सुनी गई मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मकेश्वर वार्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 132वां संस्करण सुना गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को एक सूत्र में जोड़ने का सशक्त माध्यम है, जो समाज में सकारात्मक सोच, जनजागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को निरंतर प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचार हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इन संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज एवं देश के विकास में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम में जिला महामंत्री महेन्द्र पण्डित, सभापति कौशल्या देवांगन, हेमराज सोनी, विजय साहू, आशा लोधी, नंदू लोधी, राजीव चंद्राकर, भागवत यादव, चन्द्रकला पटेल, कृष्णा हिरवानी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## निगम में विकास कार्यों की रफ्तार हुई तेज

- आयुक्त की सक्रियता से योजनाओं को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम में इन दिनों विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। निगम आयुक्त की सक्रिय और दूरदर्शी कार्यशैली के चलते शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है। शहर में आकांक्षी शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकान, मणिकंचन केंद्र, कला केंद्र सहित जलावर्धन योजना अंतर्गत फिल्टर प्लांट का कार्य तेजी से प्रगति पर है।

इसके साथ ही दानीटोला क्षेत्र में गरीबों के लिए बनाए जा रहे आवासीय परिसर भी निगम की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। शहर की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शासन को योजनाबद्ध प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में और भी व्यापक विकास कार्यों की संभावनाएं मजबूत हुई हैं।

आयुक्त द्वारा जनसहभागिता को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इसी कड़ी में एनजीओ, समाजसेवी संस्थाओं, मितानिन बहनों एवं विभिन्न समाजप्रमुखों के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इन प्रयासों से आमजन की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है और योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंच रहा है।

निगम आयुक्त की कार्यशैली का सकारात्मक प्रभाव निगम की कार्यप्रणाली में भी स्पष्ट नजर आ रहा है। भ्रष्टाचार पर अंकुश, कार्यों में पारदर्शिता, कर्मचारियों में अनुशासन और नियमित वेतन भुगतान जैसी व्यवस्थाएं निगम को एक नई दिशा दे रही हैं। कर्मचारियों में कसावट आने से कार्यों की गति तेज हुई है और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल रही हैं।

नगर निगम में आयुक्त के नेतृत्व में विकास, पारदर्शिता और जनसहभागिता का मजबूत मॉडल उभरकर सामने आ रहा है, जो शहर को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## कुर्रा में जस झांकी देखने उमड़े ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम कुर्रा के शीतला मंदिर में 26 मार्च को विशेष पूजा हुई। दोपहर 2 बजे दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी ग्राम पटपर का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम देखने अशोक यादव, रामाधार यादव, नारायण साहू, संतोष साहू, विष्णु साहू, सोमन साहू, नंदकुमार दिवान, धरमीन यादव सरपंच, टामिन बाई समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मंच संचालन रमेश यादव ने किया।

## छाती-सांकरा-कण्डेल देवपुर मार्ग का होगा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण

- विधायक ओंकार साहू के प्रयास से मिली प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विधायक ओंकार साहू के प्रयास से वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल छाती- सांकरा-कण्डेल देवपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य के लिए राज्य शासन ने कुल पच्चीस करोड़ चार लाख सड़सठ हजार रुपये की स्वीकृति दी है। यह मार्ग लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रहा है। सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से आवागमन सुगम होगा। ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी तथा व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनेगी। विधायक ओंकार साहू ने इस स्वीकृति के लिए लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है और इससे ग्रामीण अंचल में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कर समय पर पूर्ण किया जाए।

## श्रीराम जन्मोत्सव पर हलवा, शरबत का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर रामभक्तों द्वारा प्रसाद स्वरूप हलवा एवं शरबत का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन से समाज में भाईचारा और आपसी सद्भाव बढ़ता है।

मौके पर सोमनाथ देवांगन, कुलदीप देवांगन, पुखराज देवांगन, हीरालाल देवांगन, भैरव देवांगन, पलक देवांगन, परिधि देवांगन, प्रणव देवांगन, नमन, भावेश, वंश, पूर्वी, तारणी, तानिया, भोमराज, खेमराज, डाकेश देवांगन, बलजीत छबड़ा, मनोज साहू, यशकुमार, फलेन्द्र साहू, सावित्री सहित अनेक लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## रामनवमी जुलूस के साथ चली सफाई की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सराहनीय पहल करते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाया। जुलूस के पीछे-पीछे सफाई टीम लगातार सक्रिय रही, जिससे शहर में स्वच्छता और व्यवस्था बनी रही।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लूनिया ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए निगम द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रामनवमी पर भी विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में रहा और प्रमुख मार्गों की तत्काल सफाई की गई।

जुलूस के गुजरने के बाद बिलाईमाता मंदिर, रामबाग, गणेश चौक, सदर बाजार, कचहरी चौक, मठ मंदिर चौक, गोल बाजार, बस्तर रोड, रत्नाबांधा चौक, देव श्री टॉकीज रोड, बनियापारा और महाकालेश्वर मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर सफाई कर्मियों ने कचरा साफ किया। निगम के इस प्रयास से नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिला और धार्मिक आयोजन के दौरान भी शहर की छवि साफ-सुथरी बनी रही। स्थानीय लोगों ने निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की तत्परता शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नगर निगम ने कहा है कि आगे भी इस तरह के विशेष अवसरों पर सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।

## मां शीतला मंदिर में विश्व शांति के लिए डाली आहुति

**धमतरी।** आदिशक्ति मां शीतला मंदिर माता देवालय दानीटोला में मनोकामना घट ज्योति प्रज्वलित की गई। गायत्री परिवार के साधकों ने रामनवमी पर चालीस दिवसीय अनुष्ठान एवं नव दिवसीय अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। कार्यक्रम में श्रीमती पूर्णिमा अशोक मेश्राम, खोरबाहरिन बिसुराम साहू, देवकी राजेन्द्र नाग, शीला बाई गोवर्धन निषाद, कुमारी बाई साहू ,जया साह , कुंती बाई साहू, नरेंद्र साहू, लोमेश साहू, मंशाराम निर्मलकर ने भाग



लिया और सभी ने विश्व शांति के लिए आहुति डाली।

## सहज समाधि ध्यान योग शिविर 3 से

**धमतरी।** आर्ट ऑफ लिविंग की धमतरी इकाई द्वारा आगामी 3, 4 एवं 5 अप्रैल को शाम 6 से 8 बजे तक सहज समाधि ध्यान योग शिविर का आयोजन कबीर आश्रम सीनेट सिटी के पास रत्नाबांधा रोड में होगा। आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ प्रशिक्षक सुमिता पंजवानी ने बताया कि सहज समाधि ध्यान एक सरल, प्रभावी एवं गहन ध्यान पद्धति है, जिसमें एक विशेष मंत्र का उपयोग किया जाता है, जो साधक को ध्यान की गहराइयों में ले जाता है। यह ध्यान मस्तिष्क तरंगों को अल्फा अवस्था में लाता है, जिससे तंत्रिका तंत्र को गहरा विश्राम प्राप्त होता है। इस ध्यान योग शिविर के प्रशिक्षक स्वामी शिवतेज होंगे। इस आयोजन में कोमल थवाईत, रमाकांत सरोज, लकी बालेचा, विशाल पंपमवार, पीएन साहू एवं अंकिता जुटे हैं।

### मंदिरों में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव

**धमतरी।** शहर के राम मंदिरों में राम जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से देर रात तक विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इतवारी बाजार स्थित प्राचीन किले के श्रीराम मंदिर में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया।




गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप

# चिवरी में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





ग्राम पंचायत चिवरी के आश्रित ग्राम सांकरा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को लेकर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से चल रहा है, वहीं अधूरे काम पुनः चालू किया और कुछ दीवार उठाई गई किंतु करीब 4 महीने से कार्य बंद पड़ा हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण के दौरान आवश्यक मानकों का पालन किए जाने को लेकर भी प्रश्न उठ रहे हैं। कुछ कॉलम अलग से निर्माण किया जा रहा है। वह निर्माण अलग से दिखाई दे रहा है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य के समय पर्याप्त पानी का उपयोग नहीं किया गया, जिससे दीवारों की मजबूती पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। वर्तमान में भवन के कुछ हिस्सों में प्लास्टर झड़ने, छत के किनारों के कमजोर दिखने तथा संरचनात्मक कमियों जैसे संकेत नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी भवन बच्चों और महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाना है। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर सुरक्षित और मानक अनुरूप भवन उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर पहल करने का आग्रह किया गया है।

